प्रशासन गांवों के संग अभियान-2021

न्यायालय भू–अभिलेख अधिकारी, चूरू कैम्प थैलासर
पीठासीन अधिकारी श्री राहुल सैनी, आर.ए.एस.

प्रार्थना पत्र संख्या : 12 / 2022 दिनांकः– 05.01.2022

अनुवानी

राजस्थान सरकार बनाम जगनाराम आदि

–: आदेश :–

तहसीलदार, चूरू द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131, 132 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम 1956 व नियम 58, 59, 60, 66, 86 राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 मय दस्तावेजात् नकल जमाबन्दी, नकल नक्शा, सहमति पत्र, अनापत्ति प्रमाण पत्र सरपंच ग्राम पंचायत देपालसर, मौका रिपोर्ट पटवारी व भू–अभिलेख निरीक्षक, परिशिष्ट–'ए' एवं अभिशंषा तहसीलदार, चूरू का ध्यानपूर्वक अवलोकन व मनन किया गया जिसके अनुसार रोही ग्राम देपालसर तहसील चूरू के खसरा नम्बर 532 / 184 में मौके पर रास्ता चालू है परन्तु राजस्व अभिलेख एवं राजस्व नक्शे में उक्त रास्ते का अंकन नहीं है। सम्बन्धित पटवारी हल्का ने अपनी मौका रिपोर्ट में मौके पर उक्त रास्ता काफी पुराने समय से चालू बताया है। साथ ही तहसीलदार, चूरू ने उक्त रास्ते को राजस्व अभिलेख में अंकित करने हेतु अपनी स्पष्ट अभिशंषा की है परन्तु संलग्न नजरी नक्शे के अवलोकन से परिलक्षित होता है कि ख.नं. 532 / 184 की दक्षिणी–पश्चिमी सींव के पास से कटानी रास्ता पहले से ही मौजूद होने से तहसीलदार, चूरू का यह कटानी रास्ता अंकित कराने का प्रार्थना पत्र अनावश्यक प्रतीत होता है। अतः तहसीलदार, चूरू द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अस्वीकार किया जाकर खारिज किया जाता है।

यह आदेश आज दिनांक 05.01.2022 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।

05/01/22

(राहुल सैनी)
भू–अभिलेख अधिकारी,
चूरू

Signature Not Verified

Digitally signed by Rahul Saini
Date: 2022.04.27 19:20:40 IST
Reason: SelfAttested